राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

विद्यार्थी विज्ञान मंथन शिविर आयोजित

प्रतियोगिताओं में विजेता रही प्रतिभाओं का किया सम्मान

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिंतन की दृष्टि विकसित की जाए- राज्यपाल

जयपुर 12 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर छिपे हुए वैज्ञानिक चिंतन के विकास में शिक्षण संस्थान अग्रणी रहकर कार्य करे। उन्होंने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिंतन की दृष्टि विकसित किए जाने का आहवान किया। उन्होंने भारत में विज्ञान की समृद्ध परंपरा की चर्चा करते हुए वैदिक ज्ञान के आलोक में विकसित भारत के निर्माण के लिए भी सभी को मिलकर कार्य करने का आहवान किया।

राज्यपाल श्री बागडे रविवार को विद्यार्थी विज्ञान मंथन शिविर के समापन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य स्तरीय विज्ञान शिविर में चयनित उन्होंने उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

श्री बागडे ने राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा के राज्य स्तरीय शिविर में चयनित छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों के अंदर छिपे वैज्ञानिक चिंतन को निकालने की दृष्टि से ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विज्ञान में भारत की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें ऐसे बालकों का निर्माण करना हैए जो अपने वैज्ञानिक आविष्कारों से राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं।

इससे पहले विज्ञान भारती राजस्थान के संगठन सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा ने विज्ञान शिविर और विभिन्न वैज्ञानिक अकादमिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्य स्तरीय विज्ञान शिविर में 18 विद्यार्थियों हुआ है।

WILFRED'S